


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–09 मंगलवार, दिनांक–27 फरवरी, 2024 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:36 बजे अपराह्न तक।**

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार द्वारा यह सूचना दी गयी कि चलते सत्र के दौरान आज मिथिला विश्वविद्यालय की सीनेट की बैठक रखी गयी है, यह सही नहीं है। सदन के बारह से ज्यादा सदस्य मिथिला विश्वविद्यालय के सीनेट के सदस्य हैं। इसलिए माननीय सदस्य द्वारा सीनेट की बैठक की तिथि को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया गया।

तदुपरान्त माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग द्वारा कहा गया कि यदि सदन का सत्र चल रहा हो या जिस दिन सदन की बैठक होनी है, उस दिन वैसे समितियों की बैठक नहीं होनी चाहिए जिन समितियों मे सदन के माननीय सदस्यगण भी सदस्य हों। साथ ही उनके द्वारा सदन को सूचित किया गया कि मिथिला विश्वविद्यालय की सीनेट की आज की बैठक को स्थगित कर दिया गया है।

**[1] प्रश्नकाल** :–

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 03 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।
(iii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iv) 09 तारांकित प्रश्न अपृष्ट।
(v) 123 तारांकित प्रश्न अनागत।
(vi) तारांकित प्रश्न संख्या–610 के उत्तर के लिए माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा समय की मांग की गयी।
(vii) तारांकित प्रश्न संख्या–936 सामान्य प्रशासन विभाग मे स्थानान्तरित।

**[2] कार्यस्थगन प्रस्ताव** :–

माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्यस्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई।

**[3] शून्यकाल** :–

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

1. श्री कृष्णनंदन पासवान
2. श्री उमाकांत सिंह

3. श्री महा नंद सिंह
4. श्री अजीत कुमार सिंह
5. श्री छत्रपति यादव
6. डॉ० निक्की हेम्ब्रम
7. श्री मुरारी मोहन झा
8. श्री राम सिंह
9. श्रीमती निशा सिंह
10. श्रीमती कविता देवी
11. श्री अरूण सिंह
12. श्री ललन कुमार
13. श्रीमती गायत्री देवी
14. श्री अरूण शंकर प्रसाद
15. श्री अखतरूल ईमान
16. श्री रामबली सिंह यादव
17. श्रीमती प्रतिमा कुमारी
18. श्री जय प्रकाश यादव
19. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता
20. श्री बीरेन्द्र कुमार
21. श्री रणविजय साहू
22. श्री विनय बिहारी
23. श्री विजय कुमार खेमका
24. श्री कुमार शैलेन्द्र
25. श्री सुदामा प्रसाद
26. श्री जिवेश कुमार
27. श्रीमती रश्मि वर्मा
28. श्री पवन कुमार यादव

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

i. माननीय सदस्य, श्री आलोक रंजन एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तथा दिनांक–23 फरवरी 2024 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री सुमित कुमार सिंह द्वारा दिया गया।

ii. माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार एवं अन्य सभासदों से प्राप्त सामान्य प्रशासन विभाग/राजस्व एव भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग/राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

iii. माननीय सदस्य, डॉ० सुनील कुमार एवं अन्य सभासदों से प्राप्त शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, डॉ० सुनील कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**[5] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–**

माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत् बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद् के वित्तीय वर्ष 2023–24 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:08 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[6] वित्तीय कार्य :–**

**i. वित्तीय वर्ष 2023–24 की तृतीय अनुपूरक व्यय–विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग [ग्रामीण विकास विभाग] पर वाद–विवाद एवं मतदान**

माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य, श्री अख्तारूल इस्लाम शाहीन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात वित्तीय वर्ष 2023–24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

(i) डॉ० रामानुज प्रसाद

(ii) डॉ० रामप्रीत पासवान

(iii) श्री सुरेन्द्र राम

**[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]**

(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(v) श्री अजय कुमार सिंह

(vi) श्री रामबली सिंह यादव

(vii) श्री पवन कमार जायसवाल

(viii) श्री सतीश कुमार

(ix) श्री अखतरूल ईमान

(x) श्री जीतन राम मांझी

**[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]**

(xi) श्री अजय कुमार

(xii) श्री सुर्यकांत पासवान

(xiii) डॉ० निक्की हेम्ब्रम

तदुपरान्त सरकार की ओर से माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

इस दौरान आसन द्वारा द्वारा आज के लिए निर्धारित कार्यों के निष्पादन होने तक सदन की सहमति से बैठक की अवधि विस्तारित की गयी।

तत्पश्चात माननीय सदस्य, श्री अख्तारूल इस्लाम शाहीन का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित ग्रामीण विकास विभाग के अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

इसके उपरान्त वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगें बारी-बारी से मुखबंध (गिलोटीन) द्वारा स्वीकृत हुई।

**[7] विधायी कार्य – राजकीय (वित्तीय) विधेयक :-**

**बिहार विनियोग विधेयक, 2024**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा बिहार विनियोग विधेयक, 2024 को सदन की अनुमति से पुरःस्थापित किया गया तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

विचार के प्रस्ताव पर स्वीकृति के उपरान्त खंडशः विचार के क्रम में विधेयक के सभी खंड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने।

तदुपरान्त माननीय मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया।

तत्पश्चात राजकीय वित्तीय विधेयक "बिहार विनियोग विधेयक, 2024" सदन द्वारा स्वीकृत हुआ।

**[8] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 40 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-28 फरवरी, 2024 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना।
दिनांक-27.02.2024

**राज कुमार**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।